नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# 12 हमलों से दहला बलूचिस्तान

## डिप्टी कमिश्नर को किया किडनैप | पीएम शहबाज बोले- हमलों के पीछे भारत

### 10 पुलिसकर्मियों की मौत

### 37 लड़ाके भी मारे गए



**क्वेटा, 31 जनवरी.** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए. खबर लिखे जाने तक हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई. वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए. सूत्रों के अनुसार लड़ाकों ने डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया है.

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है. उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की. उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है. साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी. वहीं एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में हमले किए. इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है. संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया. साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, जिससे सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके.

### एंटी-टैंक माइन और विस्फोटक सामग्री बरामद

नसीराबाद के सीनियर पुलिस अधिकारी ने एक बयान में कहा, रबी पुल के पास रेलवे लाइन पर एक एंटी-टैंक माइन और विस्फोटक सामग्री मिली है. उन्होंने आगे कहा, पुलिस और स्पेशल ब्रांच ने समय पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध आईईडी को निष्क्रिय किया है. बरामद चीज़ों में आधा किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, पेट्रोल और एक लोहे की रॉड शामिल थी. बीएलए चीफ ने चेतावनी दी कि अगर लोग बाहर नहीं आए और ऑपरेशन हेरोफ में हिस्सा ले रहे भाइयों और बहनों के साथ खड़े नहीं हुए, तो इतिहास उनकी हार दर्ज करेगा.

# सांसद-विधायक करेंगे किसान रथ का शुभारंभ

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 31 जनवरी.** किसान कल्याण वर्ष में किसान रथ चलेंगे, ये रथ गांव- गांव घूमेंगे और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में किसानों को बताएंगे. इन रथों का

### सीएम ने कमिश्नर-कलेक्टरों को दिए निर्देश

शुभारंभ अफसर नहीं बल्कि सांसद, विधायक सहित बाकी जनप्रतिनिधि करेंगे.

इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं. सीएम शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर- कलेक्टरों से रूबरू हुए. इस दौरान उन्होंने किसान कल्याण वर्ष को लेकर आला मैदानी अफसरों को जरूरी निर्देश दिए. सीएम ने अफसरों से कहा कि जो हम सबके अन्नदाता हैं, उनके दुख-दर्द की चिंता करना हमारा कर्तव्य है. किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है. यह सरकार के लिए एक मिशन है. सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है. किसानों का जीवन संवारने और इनकी बेहतरी के लिए पूर्ण समर्पित भाव से मिशन मोड में कृषक कल्याण वर्ष का बेहद प्रभावकारी क्रियान्वयन किया जाए.

( शेष पेज 12 पर )

### पराली-नरवाई जलाने पर सख्ती से अंकुश लगाएं

सीएम ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिले में पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाएं. अपने-अपने जिले का नरवाई प्रबंधन प्लान बनाएं. खेतों से निकलने वाली पराली/भूसे का समुचित उपयोग होना चाहिए. फसलों के अवशेष से गोबर से कंपोजिट बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाए.

# सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम

### समारोह में सीएम और डिप्टी सीएम रहे मौजूद

**मुंबई, 31 जनवरी (वार्ता) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने शनिवार शाम यहां महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं. समारोह करीब 12 मिनट तक चला शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे.**



### सुनेत्रा पवार का परिचय

सुनेत्रा पवार का जन्म महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में 18 अक्टूबर 1963 को एक किसान परिवार में हुआ. भगवंतराव पाटिल और द्रौपदी बाजीराव पाटिल के घर पैदा हुई.

सुनेत्रा को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राजभवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. इसके साथ ही वह अपने पति दिवंगत अजित पवार के स्थान पर फडणवीस मंत्रिमंडल में शामिल हो गई. बता दें कि अजित पवार राज्य मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री थे. उनका 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था. शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री फडणवीस, उप मुख्यमंत्री शिंदे आदि शामिल हुए.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीं शुभकामनाएं

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं. वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं. मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी.

## एक नजर में

### संसद में लाया जाएगा नया सीड एक्ट : शिवराज सिंह

**रायपुर/दुर्ग.** किसान की मेहनत, उसकी फसल और उसके भविष्य से खिलवाड़ अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. नकली बीज, नकली खाद और नकली कीटनाशकों के जरिए किसानों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ केंद्र सरकार निर्णायक और दंडात्मक कार्रवाई करेगी. संसद के इसी सत्र में नया सीड एक्ट लाने की तैयारी है, जिसमें दोषियों पर भारी जुर्माने के साथ सजा का भी प्रावधान रहेगा. यह स्पष्ट संदेश केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास के दौरान दिया.

### एच175 हेलीकॉप्टर के लिए एयरबस को मिला ऑर्डर

**हैदराबाद.** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं. कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है. साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं. उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं. एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी. इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है. दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी.

# कर्ज मांगने में अब शर्म आती है

- पाकिस्तानी पीएम शहबाज का कबूलनामा
- कार्यक्रम में कारोबारी नेताओं को किया संबोधित

**इस्लामाबाद, 31 जनवरी. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है. शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा.**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब



फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है.' शहबाज ने कहा- कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है. कई बार हमें कॉम्प्रोमाइज करना पड़ता है. कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते. कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है.

# कॉन्गो में 'दुर्लभ धातु' की खदानें ढहने से 200 मजदूरों की मौत

**किंशासा (वार्ता/शिन्हुआ).** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की रुबाया इलाके में खदानों की कोल्टन साइट पर कई खदानों के रास्ते ढह जाने से कम से कम 200 मजदूरों की मौत हो गई है. कांगो के बागी अर्धसैनिक समूह 'मार्च 23 आंदोलन' ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं. ये घटनाएं अलग-अलग खदानों में हुई. यह इलाका अप्रैल 2024 से बागी समूह के कब्जे में है. उल्लेखनीय है कि कोल्टन उर्फ कॉलंबाइट-टैंटेलाइट टैंटेलम का प्रमुख स्रोत है. यह एक दुर्लभ धातु है.

# आज 9वीं बार केंद्रीय वित्त मंत्री पेश करेंगी बजट

## बजट में आम आदमी को मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली, 31 जनवरी. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को 9वीं बार आम बजट पेश करेंगी.**



ऐसे समय में जब भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगले दो वर्षों में तीसरी इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा है. वित्त वर्ष बजट 2026-27 में आम आदमी को कई तरह की राहत मिलने की उम्मीद हैं. जैसे सोना-चांदी की कीमतों में कमी आ सकती है. इसी के साथ 300 नई ट्रेनों की घोषणा संभव है. कयास लगाए जा रहे है कि 13 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री हो सकती है. वहीं दूसरी तरफ कई गंभीर आर्थिक चुनौतियां सरकार के सामने खड़ी हैं. जैसै कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रह सकती है. जबकि सरकार ने 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य रखा है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को लगातार 8 प्रतिशत या उससे अधिक की विकास दर बनाए रखना जरूरी होगा. इसी के साथ आरबीआई के हस्तक्षेप के बावजूद भारतीय रुपया दबाव में बना हुआ है. 29 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 92 के ऑल-टाइम लो पर पहुंच गया. 2 अप्रैल 2025 से 22 जनवरी के बीच रुपये में करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है.

**सोना-चांदी की कीमतों में आ सकती है कमी, 300 नई ट्रेनों की घोषणा संभव**

**13 लाख तक की कमाई हो सकती है टैक्स फ्री**

## मेहमानों से चर्चा | पीएम ने की अरब देशों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात, कहा-

# अरब देशों के साथ व्यापारिक संबंध होंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली, 31 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है. पीएम मोदी ने शनिवार को यहां अरब देशों के विदेश मंत्रियों, अरब लीग के महासचिव तथा अरब देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से मुलाकात की. ये सभी प्रतिनिधि भारत-अरब विदेश मंत्रियों की द्वितीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं.**



इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत और अरब जगत के लोगों के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया. इससे वर्षों से परस्पर रिश्तों और सुदृढ़ हुए हैं. प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों के लिए भारत-अरब साझेदारी के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया और व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई ताकि दोनों पक्षों के लोगों को परस्पर लाभ मिल सके.

पीएम मोदी ने फिलिस्तीन के लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया और गाजा शांति योजना सहित शांति प्रयासों का स्वागत किया. उन्होंने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और संवाद को बढ़ावा देने में अरब लीग की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना भी की.

### भारत और अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और संयुक्त अरब अमीरात कर रहे हैं. इसमें अरब लीग के सभी 22 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि, अरब लीग के महासचिव के साथ हिस्सा ले रहे हैं. बता दें कि विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-अरब विदेश मंत्रियों की यह बैठक लगभग एक दशक बाद हो रही है.

